>

Title: Need for four-laning of Chittorgarh-Neemach Road under National Highway Development Project on Priority basis.

श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ़) : महोदय, चित्तौड़गढ़ से नीमच सड़क पर रोजना अत्यधिक यातायात घनत्व रहता है, लेकिन सड़क की चौड़ाई केवल 7 मीटर होने के कारण वाहनों की आवागमन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है और क्षेत्रीय लोगों को काफी परेशानी होती है।

अप्रैल, 2006 में की गई यातायात गणना के अनुसार चित्तौडगढ़-नीमच सड़क चार लेन चौड़ी किये जाने योग्य है।

अतः महोदय, आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि चित्तौड़गढ़ से नीमच सड़क को एन.एच.डी.पी में प्राथमिकता देकर इसका चार लेन में चौड़ाईकरण करने की कृपा करें।